# GOVERNMENT COLLEGE, BAHU (JHAJJAR)

(*Affiliated to Maharshi Dayanand University, Rohtak, AISHE Code: C-50431*)

*Tel: 01259-279010 E-Mail - gcwbahu@gmail.com Website- gcbahu.ac.in*

---

## राजकीय महाविद्यालय बहु, झज्जर
### सात दिवसीय विशेष शिविर की रिपोर्ट (सेशन 2022–23)

महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी से अनुमति (पत्र कमांकः NSS/23/138 दिनांक 25/03/2023) मिलने के बाद राजकीय महाविद्यालय बहू की राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर 26/03/2023 से 01/04/2023 के बीच गांव खानपुर कलां में लगाया गया। जिसमें 51 स्वयं सेविकाओं ने भाग लिया। इस सात दिवसीय विशेष शिविर की रिपोर्ट निम्नलिखित हैः–

पहला दिन (दिनांकः 26/03/2023)

राजकीय महाविद्यालय बहु की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से आज सात दिवसीय विशेष शिविर की शुरुआत गोगा जी मंदिर गांव खानपुर कलां में की गई। शिविर का शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तथा महाविद्यालय के प्रशासनिक प्रभारी डॉ० जितेंद्र कुमार भारद्वाज ने किया। उन्होंने अपने अभिभाषण में नेतृत्व क्षमता पर बल देते हुए आध्यात्मिक विकास पर प्रकाश डाला तथा अपने अनुभवों को साझा करते हुए स्वयंसेवकों को ज्यादा से ज्यादा राष्ट्र निर्माण, शैक्षणिक एवं सामाजिक कार्यों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। एन०एस०एस कार्यक्रम अधिकारी डॉ० रीना ने स्वयं सेविकाओं को राष्ट्रीय सेवा योजना के बारे में विस्तार से बताया। तथा सभी छात्राओं की उपस्थिति लेकर उन्हें आगामी दिन होने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा के बारे में सूचना दी। एन०एस०एस सात दिवसीय विशेष शिविर के प्रथम दिन स्वयं सेविकाओं ने गोगा जी मंदिर तथा गांव खानपुर कलां में साफ सफाई की तथा कूड़े कचरे को एकत्रित किया।

दूसरा दिन (दिनांकः 27/03/2023)

राजकीय महाविद्यालय बहु की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से शुरू किए गए सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन स्वयं सेविकाओं ने सर्व प्रथम गोगा जी मंदिर व उसके आप पास की साफ सफाई। तथा गांव खानपुर कलां में रैली निकालकर ग्रामीणों व आम जन को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। इसके पश्चात् महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग के अध्यक्ष डॉ० मोहन कुमार ने "नशा मुक्त भारत में युवाओं की भूमिका" पर एक विस्तार व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि हम सभी को मिलकर नशा मुक्त समाज का निर्माण करने में तथा युवाओं को नशे की लत से दूर रह कर अच्छे कामों में संलग्न होना चाहिए। जिससे युवा राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें।

तीसरा दिन (दिनांकः 28/03/2023)

राजकीय महाविद्यालय बहु झज्जर जिले के ग्रामीण आंचल के गांव बहु झोलरी स्थित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से शुरू किए गए सात दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन स्वय सेविकाओं ने हर रोज की तरह गोगा जी मंदिर व उसके आप पास की साफ सफाई की। तथा गांव खानपुर कलां मे "सडक सुरक्षा जागरूकता" रैली निकाल कर ग्राम वासियों व आम जन को जीवन रक्षा के लिए हेलमेट, सीट बेल्ट का प्रयोग यातायात के नियमों का पालन करने पर जागरूक किया। इसके तत्पश्चात महाविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग के अध्यक्ष डॉ० सुनील कुमार ने "डिजिटल इंडिया व कैशलैस ट्रांजैक्शन" पर एक विस्तार व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि कैश लैस ट्रांजैक्शन वह माध्यम है जिसमें धन का अधिकांश लेन-देन चेक, क्रेडिट कार्ड, डेबिट

कार्ड, नेट बैंकिंग, मोबाइल पेमेंट तथा अन्य डिजिटल माध्यमों से किया जाता। उन्होंने इसके लाभ-हानि तथा ट्रांजैक्शन करते समय किन किन सावधानियों का ध्यान रखना चाहिए, के बारे में भी विस्तार पूर्वक बताया।

चौथा दिन (दिनांकः 29/03/2023)

राजकीय महाविद्यालय बहु झज्जर जिले के ग्रामीण आंचल के गांव बहु झोलरी स्थित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से शुरू किए गए सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन स्वयं सेविकाओं ने हर रोज की तरह गोगा जी मंदिर व उसके आप पास की सफाई की। तथा गांव खानपुर कलां में "बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ" जागरूकता रैली निकाल कर ग्रामीण परिवेश के लोगों को जागरूक किया। इसके तत्पश्चात महाविद्यालय के कुमार इतिहास के प्राध्यापक श्री नरेंद्र कुमार ने "महात्मा गांधी के दर्शनशास्त्र" पर एक विस्तार व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि मोहन दास करमचन्द गांधी अर्थात् महात्मा गांधी विश्व के ऐसे महान व्यक्तियों में से हैं जिनके विचारों एवं कार्यों ने देश और समाज ही नहीं बल्कि वैश्विक स्तर पर वैचारिक परिवर्तन का सूत्रपात किया। उन्होंने मानव जीवन के मौलिक सिद्धान्तों में दृढ विश्वास रखते हुए समाज को एक नया मार्ग दिखाया। इसके पश्चात् गांव खानपुर खुर्द से ए.एन.एम श्रीमती विनोद ने स्वयं सेविकाओं को स्वास्थ्य एवं स्वच्छता से संबंधित जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मासिक धर्म के दौरान क्या-क्या सावधानियां बरतनी चाहिएं साफ सफाई के प्रति सचेत रहना चाहिए ताकि कोई बीमारी ना हो।

पांचवा दिन (दिनांकः30/03/2023)

राजकीय महाविद्यालय बहु की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से शुरू किए गए सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवें दिन स्वयं सेविकाओं ने सबसे पहले मंदिर व उसके आस पास की साफ सफाई की। इसके पश्चात् स्वयं सेविकाओं ने गांव खानपुर कलां में घर घर जाकर महिलाओं को स्वच्छता बनाए रखने एवं पुरूषों को धूम्रपान निषेध जागरूकता अभियान के तहत धूम्रपान से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में बताया। इसके तुरंत बाद " बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ" विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता व मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में अंशुल बीकॉम तृतीय वर्ष की छात्रा ने प्रथम स्थान, बी.ए तृतीय वर्ष की छात्रा कल्पना ने द्वितीय स्थान तथा बीकॉम द्वितीय वर्ष की छात्रा अमीषा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया ।मेहंदी प्रतियोगिता में बी.ए तृतीय वर्ष की छात्रा वर्षा ने प्रथम स्थान, बी.ए तृतीय वर्ष की छात्रा कल्पना ने दूसरा स्थान तथा बी.ए प्रथम वर्ष की छात्रा सोनू व बी.कॉम प्रथम वर्ष की छात्रा आचुकी ने तीसरा स्थान प्राप्त किय। कार्यक्रम अधिकारी डॉ० रीना ने बताया कि आज के युवा वर्ग धूम्रपान जैसे व्यसन में फंसते जा रहे हैं वे इससे बचकर रहें तथा अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

छठा दिन (दिनांकः31/03/2023)

राजकीय महाविद्यालय बहु की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से शुरू किए गए सात दिवसीय विशेष शिविर के छठे दिन स्वयं सेविकाओं ने सबसे पहले मंदिर व उसके आस पास की साफ सफाई की। इसके पश्चात् महाविद्यालय के इतिहास विभाग के प्राध्यापक श्री आदित्य गोयल ने "आत्म निर्भरता के माध्यम से सामुदायिक विकास" विषय पर एक विस्तार व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि आत्मनिर्भरता जीवन का एक बहुत ही महत्वपूर्ण हिस्सा हैए एक ऐसी चीज जिसकी हमारे पूरे जीवन में कभी न कभी जरूरत पड़ती है। हर

किसी में कम से कम कुछ मात्रा में आत्मनिर्भरता होनी चाहिए और कोई हमसे ज्यादा आत्मनिर्भर हो तो ठीक है क्योंकि यह एक ऐसी चीज है जिसे लोग समय के साथ सीखते हैं। जितना अधिक हम इसके महत्व के बारे में जानेंगेए उतना ही अधिक हम अपने जीवन में इसका अभ्यास करेंगे।इसके बाद राजकीय महाविद्यालय बिरहोड से प्रशासनिक इंचार्ज व राजनीति विज्ञान की प्राध्यापिका डॉ० अनीता फौगाट ने एन०एस०एस के उद्देश्यों पर विस्तार व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा युवाओं को अपने देश को समझने के लिए सामुदायिक सेवा देने के लिए प्रेरित किया जाता है। इस संगठन के जरिए शिविर लगाकर तथा कई तरह के कार्यक्रम करके लोगों को देश प्रेम के लिए या देश में विकास करने के लिए प्रेरित किया जाता है।

सातवां दिन (दिनांक:01 / 04 / 2023)

राजकीय महाविद्यालय बहु में आज सात दिवसीस विशेष शिविर के सातवें दिन स्वय सेविकाओं ने सबसे पहले मंदिर व उसके आस पास की साफ सफाई की उसके बाद समापन समारोह की तैयारी की। समापन समारोह के मुख्य अतिथि डॉ रणवीर सिंह आर्य, प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय बहु रहे।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ रणवीर सिंह आर्य ने स्वयं सेविकाओं को राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों के बारे में बताया। उन्होंने जीवन के तीन तरीकों स्वार्थ, विक्रति व संस्कृति का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि यह देश की संस्कृति ही है जिससे स्वयं सेवकों ने बड़े बड़े त्याग किये और देश की प्रगति में योगदान दिया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ रीना ने बताया कि एन एस एस सात दिवसीय विशेष शिविर में कुल 51 स्वयं सेविकाओं ने भाग लिया सभी स्वयं सेविकाओ ने सातों दिन अपने कार्य का बखूबी से निर्वहन किया। बीए तृतीय वर्ष की छात्रा वर्षा ने एनएसएस सात दिवसीय शिविर की रिपोर्ट प्रस्तुत की। बेस्ट वालंटियर बीए. तृतीय वर्ष की छात्रा वर्षा व बेस्ट कैंप होल्डर बीए. तृतीय वर्ष की छात्रा नीतू को दिया गया। प्रशासनिक इंचार्ज डॉ जितेंद्र कुमार भारद्वाज ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से समाज की सेवा करने का अवसर मिलता है। महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग के अध्यक्ष डॉ मोहन कुमार ने बताया कि युवाओं को सामाजिक नैतिक तथा बौद्धिक क्षमता को बढ़ना चाहिए। तभी देश के युवा देश के निर्माण में अपना योगदान दे सकते है।कार्यक्रम मे मंच संचालन डॉ० रविन्द्र सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के अन्य स्टाफ सदस्यगण मौजूद रहे।

Reena
N.S.S. P.O.

[signature] 5/4/2023
Principal
GOVT. COLLEGE, BAHU
Distt. Jhajjar (Hry.)